पब्लिक अफेयर्स इंडेक्स, 2021

drishtiias.com/hindi/printpdf/public-affairs-index,-2021

चर्चा में क्यों?

हाल ही में जारी पब्लिक अपेयर्स इंडेक्स, 2021 में विकास के मामले में बड़े राज्यों की श्रेणी में झारखंड को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।

प्रमुख बिंदु

- पब्लिक अपेयर्स इंडेक्स की गणना तीन आधारभूत स्तंभों- इक्विटी, विकास/वृद्धि तथा संधारणीयता के आधार पर की गई है।
- इसमें इक्विटी स्तंभ में बड़े राज्यों की सूची में झारखंड को 9वाँ स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि गुजरात को प्रथम एवं उत्तर प्रदेश को अंतिम स्थान प्राप्त हुआ है।
- विकास/वृद्धि स्तंभ में झारखंड ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है और बड़े राज्यों की श्रेणी में इसे तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि पिछले वर्ष इसे 14वाँ स्थान प्राप्त हुआ था।
- संधारणीयता स्तंभ में बड़े राज्यों में झारखंड को 15वाँ स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि केरल प्रथम एवं उत्तर प्रदेश अंतिम पायदान पर हैं।
- वहीं ओवर ऑल रैंकिंग में केरल को प्रथम एवं तमिलनाडु को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है।